सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी

पत्रांक : कु.स. 3026 /2024 दिनाङ्क : 10.04.2024

कार्यालय-ज्ञाप

श्री संजय कुमार दिवाकर, राज्य नोडल अधिकारी, अखिल भारतीय उच्चतर शिक्षा सर्वेक्षण, उ॰प्र॰ द्वारा अवगत कराना है कि सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय से सम्बद्ध 451 महाविद्यालयों ने अखिल भारतीय उच्चतर शिक्षा सर्वेक्षण पोर्टल पर 2022-23 का डी॰सी॰एफ॰ एवं टी॰आई॰एफ॰ का डाटा अपलोड नहीं किया गया है।

उक्त के सम्बन्ध में विश्वविद्यालय कार्यालय-ज्ञाप संख्या : कु॰स॰ 2976/2024 दिनाङ्क : 07.04.2024 के माध्यम से दिनांक 10 अप्रैल, 2024 तक सम्बन्धित पोर्टल पर डाटा अपलोड करने के निर्देश प्रदान किय गये थे। परन्तु अद्यतन अधिकतम महाविद्यालयों द्वारा डाटा अपलोड नही किया गया है। जिससे आपकी कार्य के प्रति लापरवाही परिलक्षित हो रही है।

अतः विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों के प्रबन्धक/प्राचार्य को निर्देशित किया जाता है कि उपरोक्त डाटा दिनांक 14 अप्रैल, 2024 तक अनिवार्य रूप से सम्बन्धित पोर्टल पर अपलोड करना सुनिश्चित करें। अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित महाविद्यालय की वित्तीय एवं मान्यता समाप्त करने पर विचार किया जायेगा। जिसका समस्त उत्तरदायित्व सम्बन्धित प्राचार्य/प्रबन्धक का होगा।

इस पर कुलपति महोदय की स्वीकृति प्राप्त है।

10/4/2024

(राकेश कुमार)
आई॰ए॰एस॰
कुलसचिव

प्रतिलिपि :- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित -

1. निजी सचिव, कुलपति को कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
2. डॉ॰ सत्येन्द्र कुमार यादव, समन्वयक, AISHE।
3. प्रबन्धक/प्राचार्य सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों को इस आशय कि दिनांक 14.04.2024 तक उक्त डाटा सम्बन्धित पोर्टल पर अनिवार्य रूप से अपलोड कराना सुनिश्चित करें।
4. प्रोग्रामर को इस आशय से कि उक्त सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कराने के साथ-साथ समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय को उनके लॉगिन आई॰डी॰ के माध्यम से सूचित करायें।
5. आशुलिपिक कुलसचिव/वित्त अधिकारी।
6. अधीक्षक (प्रशासन/लेखा)।
7. समस्त विभागनुभाग।
8. सम्बद्ध पत्रावली।

(राकेश कुमार)
आई॰ए॰एस॰
कुलसचिव